# निवेशकों को एनओसी एक प्लेटफॉर्म पर

हिन्दुस्तान **खास**

"उत्तर प्रदेश ने सिंगल विंडो सिस्टम के तहत अपने निवेश मित्र पोर्टल को बहुउपयोगी बनाने के लिए काफी काम किया है। 276 सेवाएं दी जा रही हैं। इसे जल्द केंद्रीयकृत सिस्टम से जोड़ने का काम कर दिया जाएगा।"

**अरविंद कुमार,** अपर मुख्य सचिव-औद्योगिक विकास विभाग

**राज्य मुख्यालय | अजित खरे**

अब देश- विदेश के निवेशक अपना प्रोजेक्ट लगाने के लिए केवल एक प्लेटफार्म के जरिये सारे अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) पा सकेंगे। केंद्र सरकार का 'नेशनल सिंगल विण्डो क्लीयरेंस सिस्टम' अब बहुआयामी होने जा रहा है। पहले चरण में उत्तरप्रदेश समेत कई राज्यों के सिंगल विंडो सिस्टम केंद्र के सिस्टम से जुड़ जाएंगे। लैंड बैंक की जानकारी भी लिंक रहेगी। उत्तरप्रदेश अपने निवेश मित्र पोर्टल की सभी सेवाओं को 15 अप्रैल तक जोड़ लेगा। खास बात यह कि यूपी के निवेश मित्र पोर्टल को प्रमुखता से उस पर दर्शाया जाएगा।

इससे देशी या विदेशी उद्यमी को किसी राज्य में कोई उद्योग लगाना होगा तो वह नेशनल पोर्टल पर जाकर संबंधित राज्य से जुड़ कर आनलाइन एनओसी के लिए आवेदन कर सकता है। अगर एक से ज्यादा राज्यों में उसे निवेश करना है तो भी इससे उसे सहूलियत होगी। इससे उसे एक बार समग्र रूप से स्पष्ट हो जाएगा कि कहां कितनी जल्द एनओसी व सुविधाएं मिल सकती हैं।

इसी नेशनल पोर्टल पर लैंड बैंक का भी पूरा विवरण दर्ज कराया जाएगा। इससे उसे पता रहेगा कि जमीन किस राज्य के किस जिले में किस रेट पर उपलब्ध होगी। उत्तरप्रदेश के साथ साथ पहले चरण में गोवा, गुजरात, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश व पंजाब के इस तरह के पोर्टल भी इससे एकीकृत होंगे। पीएम नरेंद्र मोदी इस एकीकृत पोर्टल का लोकार्पण कर सकते हैं।